# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 15 फरवरी 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


**तापमान**

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 13 डिग्री


2 टाइगर रिजर्व बनने के एक साल बाद वनकर्मियों को दिया गया बाघ प्रबंधन का प्रशिक्षण




**खबर संक्षेप**

## अधिवक्ता मयंक बने जिला सहसंयोजक



**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय जनता पार्टी, किसान मोर्चा, जिला एमसीबी के एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑगेनाईजेशन) गठन प्रकल्प के अंतर्गत अधिवक्ता मयंक जैन को जिला सहसंयोजक नियुक्त किए जाने पर जिलेभर में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। इस नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की हैं। बताया जा रहा है कि अधिवक्ता श्री जैन लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों से जुड़े हुए हैं और किसानों से संबंधित विषयों पर उनकी गहरी समझ रही है। उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका को देखते हुए किसान मोर्चा द्वारा उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। एफपीओ गठन प्रकल्प के माध्यम से किसानों को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, उचित बाजार उपलब्ध कराने तथा आधुनिक कृषि से जोड़ने का उद्देश्य रखा गया है। नवनियुक्त जिला सहसंयोजक मयंक जैन से अपेक्षा की जा रही है कि वे अपने दायित्वों का निष्ठा एवं लगन के साथ निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे तथा जिले के किसानों के हित में प्रभावी कार्य करेंगे।

## ईशान बने डॉक्टर, हासिल की एमबीबीएस की डिग्री



**बैकुण्ठपुर।** जिले के बैकुंठपुर में स्थानीय प्रतिष्ठित पन्नालाल सुभाष चंद्र मेडिकल स्टोर के संचालक ज्ञान प्रकाश गुप्ता के पुत्र ईशान गुप्ता ने अपनी कड़ी मेहनत और लगन से एमबीबीएस की डिग्री सफलतापूर्वक प्राप्त कर डॉक्टर बन गए हैं। ईशान गुप्ता का परिवार बैकुंठपुर के चिकित्सा व्यवसाय से लंबे समय से जुड़ा हुआ है। उनके पिता ज्ञान प्रकाश गुप्ता पन्नालाल सुभाष चंद्र मेडिकल स्टोर का सफल संचालन करते हैं। ईशान के बड़े भाई नवीन गुप्ता (रिंकू) गुप्ता मेडिकल स्टोर की जिम्मेदारी संभालते हैं, वहीं उनके दूसरे भाई अनुपम गुप्ता भी जय श्री मेडिकल स्टोर से जुड़े हुए हैं। ईशान गुप्ता शुरूआती दौर से ही पढ़ाई में मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने अपनी शैक्षणिक यात्रा में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अपने डॉक्टर बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अथक परिश्रम किया।

## आजीविका का माध्यम बन रहा मछली पालन

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में मछली पालन ग्रामीण आजीविका के एक सशक्त और टिकाऊ विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित डबरियों, अमृत सरोवरों तथा सिंचाई जलाशयों का उपयोग कर मत्स्य पालन को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे न केवल रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं, बल्कि महिलाओं और किसानों को आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में नई मजबूती मिल रही है। एमसीबी जिले के तीनों जनपद पंचायत क्षेत्रों में विगत वर्षों में 780 से अधिक डबरियों का निर्माण किया गया है, इसके अतिरिक्त मिशन अमृत सरोवर अंतर्गत निर्मित 87 अमृत सरोवरों में से चयनित 15 अमृत सरोवरों में इस वर्ष मछली पालन प्रारंभ किया गया है। स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं इस गतिविधि से जुड़कर आय अर्जित कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बना रही हैं। मछली पालन से ग्रामीणों को दोहरा लाभ मिल रहा है। एक ओर यह आय का स्थायी स्त्रोत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों के पोषण स्तर में भी सुधार हो रहा है। गांवों में आजीविका डबरी निर्माण की मांग निरंतर बढ़ रही है।, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। वहीं वर्ष 2024-25 के दौरान मनरेगा योजनांतर्गत निर्मित 500 डबरियों में मत्स्य विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया गया।

### 50 वीं अभा शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# केरला पुलिस ने जीता गोल्ड कप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



विजेता टीम को शिल्ड देते अतिथि।

50 वें अखिल भारतीय शेषन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का भव्य समापन समारोह चरचा के महाजन स्टेडियम में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आई 15 सशक्त टीमों ने भाग लिया, इससे पूरे क्षेत्र में खेल उत्सव जैसा माहौल रहा।

प्रतियोगिता में वाराणसी, नीमच, बेंगलुरु, दुर्गापुर, खड़गपुर, संबलपुर, नागपुर, हैदराबाद, चेन्नई, दिल्ली, इम्फाल मणिपुर, रांची झारखंड, बक्सर बिहार सहित मेजबान चरचा छग की टीमों ने हिस्सा लिया। इन टीमों की मौजूदगी ने प्रतियोगिता को वास्तविक अखिल भारतीय स्वरूप प्रदान किया। 14 फरवरी शनिवार को दोपहर 2:30 बजे खेले गए फाइनल मुकाबले में केरला पुलिस का सामना सेरसा खड़कपुर पश्चिम बंगाल से हुआ। मैच के पूर्व अतिथियों का छत्तीसगढ़ी शैला नृत्य एवं साल-श्रीफल से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एसईसीएल बिलासपुर के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन रहे। विशिष्ट अतिथियों में आरबी सिंदुर पीएस टू अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एसईसीएल, विधायक बैकुंठपुर एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री भईयालाल राजवाड़े, चिरमिरी महाप्रबंधक अशोक कुमार, विश्रामपुर महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह, भटगांव महाप्रबंधक शरद कुमार तिवारी तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरूण जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा ने की। अतिथियों ने स्व. एमएल महाजन एवं स्व. टीएन शेषन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खान दुर्घटना में मृतकों की स्मृति में एक मिनट का मौन रखा गया। राष्ट्रीय गान एवं टॉस के साथ मैच प्रारंभ हुआ। मैच के 7 वें मिनट में सेरसा खड़कपुर के जर्सी नंबर 11 सागर दास ने पहला गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। मध्यांतर तक यही स्कोर बना रहा।

दूसरे हाफ में केरला पुलिस ने आक्रामक खेल दिखाया और 18 वें मिनट में जर्सी नंबर 20 बृजेश ने शानदार गोल कर मुकाबला 1-1 से बराबरी पर ला दिया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें बराबरी पर रहीं, इसके बाद निर्णायक मंडल ने पेनाल्टी शूटआउट का निर्णय लिया। पेनाल्टी में केरला पुलिस ने 6-5 से रोमांचक जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। केरला पुलिस के गोलकीपर को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। विजेता टीम केरला पुलिस को ट्रॉफी एवं 1,50,000 की नगद राशि प्रदान की गई, जबकि उपविजेता सेरसा खड़कपुर को ट्रॉफी एवं 75,000 की नगद राशि ⏭ शेष पेज 4 पर

## सीएम के आगमन को लेकर तैयारियां तेज...



**बैकुण्ठपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन को लेकर प्रशासन की तैयारियां कई दिनों पूर्व से चल रही है। कलेक्ट्रेड परिसर के पास स्वागत की तैयारी एवं आस-पास परिसर की साफ-सफाई के साथ रंग-रोगन कार्य तेजी से चल रहा है।

## ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक की मौत

**बिश्रामपुर।** अपनी छोटी बहन को स्कूल लेने जा रहे युवक की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई है। ग्राम कुंजनगर निवासी संतोष सोंधीया का इकलौता 20 वर्षीय पुत्र प्रवीण सोंधीया शुक्रवार की शाम स्कूल छुट्टी होने पर अपनी छोटी बहन पायल को लेने अपने ग्लैमर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 सीआर 8792 में जयनगर स्वामी आत्मानंद स्कूल जा रहा था,तभी एनएच 43 पर ग्राम जयनगर में इस्लाम खान के घर के सामने ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5557 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई है। सूचना पर जयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले में कायम किया है।

# सिंगरौली में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** स्वास्थ्य विभाग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जनकपुर द्वारा अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता को साकार करते हुए विकासखंड भरतपुर के अंतर्गत सुदूर वनांचल क्षेत्र स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिंगरौली में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया।

इस विशेष शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी सशक्त बनाना था, ताकि वे तनावमुक्त वातावरण में अध्ययन कर सकें और सर्वांगीण विकास की दिशा में आगे बढ़ सकें। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ.आरके रमन के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में किशोर अवस्था में मानसिक स्वास्थ्य की महत्ता पर विशेष जोर दिया गया। शिविर के दौरान आयुष चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिवपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण ⏭ शेष पेज 4 पर

# मानक अनुरूप नाली निर्माण नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत सलका के ग्रामीण कीचड़ युक्त सड़क व नाली की समस्या से जूझ रहे थे। बारिश के दिनों में सड़क कीचड़ से सराबोर रहती वहीं बारिश के मौसम समाप्त हो जाने के बाद घरों से निकलने वाली गंदा पानी सड़क पर बहने से कीचड़ में तब्दील हो जाती। ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही पक्की सड़क व नाली निर्माण की मांग पर हाल ही में सड़क के साथ नाली निर्माण कार्य शुरू किया गया। इधर नाली मानक अनुरूप नहीं बनाए जाने से ग्रामीण आक्रोशित हो गए और काम बंद करा दिया। काम बंद हो जाने की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और समझाइश दी जिसके बाद काम शुरू हो सकी।

ग्राम पंचायत सलका ज्यादा आबादी वाला पंचायत है जिसमें पंचायत के रजवारी पारा मोहल्ला में लगभग 250 घर है जहां परिवार के साथ लोग रहते है। ग्राम पंचायत में नल जल योजना से तहत पानी तो मिल रहा है लेकिन गांव मे पक्की सड़क व नाली की व्यवस्था नहीं होने से क्षेत्र के लोगों को बारहमासी कीचड़ का सामना करना पड़ता है। यहां तक की मोहल्ले वासी पानी का उपयोग करने के बाद बाथरूम तक का पानी सड़कों में बहा देते है जिससे राहगीरों को गंदा पानी के बीच आवागमन करने को मजबूर है। ग्राम पंचायत सलका के अलावा आसपास के अन्य ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी रोजमर्रा की तलाश में जबकि स्कूली बच्चे पढ़ाई करने इस मार्ग से रोजाना विश्रामपुर आना जाना करते है जिससे कीचड़युक्त सड़क से गुजरने में कई प्रकार की परेशानी से जूझना पड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा लंबे समय से की जा रही मांग पर हाल ही में सड़क व नाली निर्माण शुरू किया गया। इधर ग्राम सलका रजवारी पारा में चल रहे सड़क निर्माण के दौरान दोनों ओर मानक अनुरूप नाली निर्माण नहीं होने से ग्रामीण काफी आक्रोशित हो गए।

# शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से निकली कलश यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

इस बार महाशिवरात्रि का पर्व सवार्थ सिद्धि योग के साथ विभिन्न तरह के अन्य शुभ योग में मनाया जाएगा। ज्योतिषियों के अनुसार ऐसा संयोग सालों बाद बन रहा है। ऐसे में 15 फरवरी को शिवरात्रि के दिन भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होगी।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित जिलेभर में कई दिनों पूर्व से हीं तैयारियां भक्तों एवं समितियों के द्वारा शुरू कर दी गई थी। शिव मंदिरो की रंगाई-पोताई के साथ आकर्षक तरीके से सजाया गया है, जहां 15 फरवरी को सुबह होने के साथ ही भक्तगण अपने - अपने क्षेत्र के शिवालयों में पहुंच कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। इस तरह 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के शिव मंदिरों में दिनभर भक्ति की बयार बहती रहेगी और शिवालयों में ऊं नमः शिवाय तथा हर हर महादेव की गूंज दिनभर सुनाई देगी। शहर के प्रेमाबाग क्षेत्र में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के लिए जुटेंगे। यहां श्री हनुमत यज्ञ भी चल रहा है, ऐसे में आज महाशिवरात्रि के अवसर पर बड़ी संख्या में आस-पास के श्रद्धालु सुबह से ही पूजा-अर्चना के लिए जुटेंगे, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाएगा। इसके अलावा जिले के शहर के अन्य क्षेत्रों के शिवालयों के साथ जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं द्वारा भोलेबाबा शिव की आवश्यक पूजन सामग्री के साथ पूजा-अर्चना करेंगे। इस अवसर पर जलाभिषेक के लिए सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटना शुरू हो जाएगा। शहर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा में शिव मंदिर सेवा समिति द्वारा नव निर्मित शिव मंदिर में 15 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया है, इसके एक दिन पूर्व 14 फरवरी को शिवमंदिर सेवा समिति हर्रापारा बैकुंठपुर के अगुवाई में विशाल कलश यात्रा नव निर्मित मंदिर परिसर से निकाली गई। कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे और महिला श्रद्धालु पीले वस्त्र में सिर पर कलश लेकर भ्रमण कर वापस नव निर्मित मंदिर परिसर पहुंची, यहां 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर निर्मित मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी और इसके दूसरे दिन 16 फरवरी को हवन-पूजन के बाद विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित की गई है।

■ **महाशिवरात्रि का पर्व आज**

### जगह-जगह भोग भंडारा कार्यक्रम

15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर जहां शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी,वहीं कई स्थानों के शिवालयों में समितियों द्वारा विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए है, जहां पूजा-अर्चना के बाद परिसर में भंडारा का प्रसाद श्रद्धालु ग्रहण करेंगे। इस दिन शिवालयों में सुबह से देर अपरान्ह तक भक्तों की भीड़ जुटी रहती है।

## महाशिवरात्रि पर आज होगा विशेष आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** शहर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष विशेष श्रद्धा, उत्साह और भव्य आयोजन के साथ मनाया जाएगा। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में 15 फरवरी रविवार को सिद्ध बाबा मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का प्रतीक पर्व है, जिसे सनातन परंपरा में अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। इस दिन उपवास, रूद्राभिषेक, जलाभिषेक और रात्रि जागरण का विशेष महत्व होता है। कार्यक्रम के अनुसार महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रातःकाल से ही श्रद्धालु सिद्ध बाबा मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जल, बेलपत्र, धतूरा, भस्म एवं दूध से अभिषेक करेंगे। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया है, वहीं भक्तों की सुविधा के लिए समिति द्वारा विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सुरक्षा, स्वच्छता और प्रसाद वितरण को लेकर भी स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगाई गई है। महाशिवरात्रि के दिन सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। भंडारे की तैयारियां अंतिम चरण में हैं ।



## शिव मंदिर में विशेष आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिलेगा। इसी कड़ी में 15 फरवरी रविवार को आरटीओ बैरियर के सामने स्थित शिव मंदिर, राष्ट्रीय राजमार्ग घुटरीटोला, जिला एमसीबी में विशेष धार्मिक आयोजन का भव्य रूप से किया जा रहा है। इस अवसर पर मेघानी परिवार, मनेन्द्रगढ़ की ओर से समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को सपरिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित सादर आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के दिन प्रातः काल से ही भगवान शिव का रूद्राभिषेक प्रारंभ होगा। इसके पश्चात विधिवत कथा पाठ एवं सायंकालीन महाआरती का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक कार्यक्रमों के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। इसमें सभी आगंतुक प्रसाद ग्रहण कर सकेंगे। आयोजकों ने बताया कि भंडारे की व्यवस्था इस प्रकार की गई है कि अधिक से अधिक श्रद्धालु बिना किसी असुविधा के प्रसाद प्राप्त कर सकें।



## चेर में आज होगी विशेष पूजा-अर्चना

**बैकुण्ठपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी को शहर से लगे चेर में वैद्य रामप्रसाद राजवाड़े के निवास के पास स्थित शिव मंदिर में सुबह 10 बजे से विशेष रूप से पूजा-अर्चना की जाएगी। इसी दिन रात्रि 8 बजे से श्री रामचरित मानस गायन वायद प्रतियोगिता भी आयोजित है। इसमें आमंत्रित श्री रामचरित मानस गायन वादन प्रतियोगिता में चयनित मानस मंडलियों के बीच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर दोपहर 2:30 बजे वैद्य रामप्रसाद राजवाडे द्वारा नवीन चिकित्सा प्रतिष्ठान व्हीआरआरआर सेंटर फार फिजियोथेरेपी एंड रिहेबिलिटेशन का शुभारंभ किया जाएगा। उक्त नवीन चिकित्सा सेंटर का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़ करेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला रजवार समाज कोरिया रविशंकर राजवाड़े, सेवानिवृत्त शिक्षक राजेन्द्र सोनी, अध्यक्ष रजवार समाज पटना क्षेत्र कृपाल राजवाडे और अध्यक्ष रजवार समाज सोनहत क्षेत्र की उपस्थिति रहेंगी।

### निर्माण में ऊंचाई को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने थाना परिसर में बैठक

# सड़क के साथ ही कराया जाएगा एनएच पर नाली का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



नगर के बीच रास्ट्रीय राजमार्ग पर चल रहे नाली निर्माण के दौरान उसकी उंचाई को लेकर चल रहे विवाद को सुलझाने के लिए थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। एसडीएम देवेंद्र प्रधान, एनएच एसडीओ निखिल लकड़ा, थानाप्रभारी भारद्वाज सिंह, ठेकेदार सहित नागरिकों की संयुक्त बैठक में नाली निर्माण को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान बैठक में नगर वासियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में राजपुर में हो रहे नाली निर्माण को लेकर भारी विरोध जताया।

नगर वासियों की एक ही मांग थी की नाली को कम से कम 2 फीट नीचे किया जाए ताकि आम जनों को परेशानी ना हो। उन्होंने नाली निर्माण की ऊंचाई को लेकर विरोध जताते हुए कहा कि नाली निर्माण की ऊंचाई से न केवल हमारी व्यवसाय प्रभावित हो रहा है बल्कि ना तो हम घरों से निकल सकते हैं नहीं अपने वाहनों को खड़ा कर सकते हैं। नगर वासियों का कहना था कि शासन प्रशासन नगर वासियों के सुविधा के लिए सड़क एवं नाली का निर्माण करते हैं परंतु इस नाली निर्माण से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। बैठक में काफी वाद विवाद के बाद अंत मे यह निष्कर्ष निकाला गया कि नगर वासियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुए वर्तमान सड़क पर ही नाली का निर्माण कराया जाए ताकि सड़क भी बन जाये और नाली की ऊँचाई भी कम रहे। सड़क की उंचाई नहीं बढ़ाई जाए और वर्तमान सड़क पर ही नाली का निर्माण कराया जाए ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके। बैठक पश्चात नगर के नागरिकों ने यह निर्णय लिया गया कि नाली के उंचाई कम करने हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह अगुवाई में नगरवासियों के हस्ताक्षर युक्त द्वारा एक लिखित आवेदन पत्र कलेक्टर के नाम अनुविभागीय अधिकारी राजपुर को सौंपा जाएगा। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण अग्रवाल, नगर पंचायत अध्यक्ष धर्म सिंह, पार्षद राजन त्रिपाठी, विश्वास गुप्ता, पूर्व पार्षद पुरनचंद जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुरेश सोनी, डॉ बीएन द्विवेदी, मनोज अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, पंकज गुप्ता, शुभम सोनी, बंटी अम्बष्ट, मानू चौबे, विक्की बंसल, ऋषभ सिंह सहित भाजपा एवं कांग्रेस दोनों दलों के लोग सहित भारी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# मवेशी तस्करी में शामिल वाहन मालिक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



बरियों पुलिस ने मवेशी तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 तथा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11(1)(घ) के अंतर्गत की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 20 मई 2025 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम आरा के कुछ लोग झारखंड के तस्करों के साथ मिलकर मवेशियों को बूचड़खाने भेजने की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर चौकी प्रभारी बरियों उपनिरीक्षक रविन्द्र प्रताप सिंह स्टाफ के साथ ग्राम आरा सरनापारा पहुंचे, जहां गागर नदी किनारे जंगल के पास एक सफेद पिकअप वाहन क्रमांक जेएच 03 एएम 4025 में मवेशियों को लोड करते कुछ लोग दिखाई दिए। पुलिस को देखते ही आरोपी वाहन छोड़कर फरार हो गए। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें चार मवेशी मिले, जिनके पैर और मुंह क्रूरतापूर्वक बंधे थे। ग्रामीणों की मदद से मवेशियों को मुक्त कराया गया। वाहन एवं मवेशियों को गवाहों की उपस्थिति में जब्त किया गया। विवेचना के दौरान 24 दिसंबर 2025 को चालक झारखंड के रंका मानपुर निवासी 24 वर्षीय तहकीक अंसारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

## खबर संक्षेप

### बृजलाल भाजपा आदिवासी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नियुक्त



**रामनगर।** भाजपा अजजा मोर्चा जिलाध्यक्ष अजय श्याम ने भाजपा अजजा मोर्चा का विश्रामपुर मंडल अध्यक्ष रामनगर निवासी बृजलाल सिंह टेकाम को नियुक्त किया है। पार्टी नेताओं ने वननियुक्त मंडल अध्यक्ष को संगठन के प्रति निष्ठा रखते हुए पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने को कहा है। बृजलाल सिंह टेकाम ने संगठन की नीतियों को गांव-गांव तक पहुंचाने, जनजातीय समाज के हितों की आवाज बुलंद करने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने की बात कही हैं।

### जिला कांग्रेस कमेटी की जरीना सचिव लिली संयुक्त महामंत्री नियुक्त



**बिश्रामपुर।** कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज ने जिलाध्यक्ष शशि सिंह की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है, जिसमें लटोरी ब्लाक के ग्राम कसकेला निवासी जरीना सुल्ताना को जिला सचिव व सलका ब्लाक अंतर्गत ग्राम बतरा निवासी लिली राजवाड़े को जिला संयुक्त महामंत्री नियुक्त किया गया है,उक्त नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी घोषित कमलेश बने कांग्रेस जिला सचिव



**भैयाथान।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति एवं जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष शशी सिंह की अनुशंसा पर जिला कांग्रेस की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसी क्रम में भैयाथान क्षेत्र के कांग्रेस नेता कमलेश दुबे को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त जिला सचिव श्री दुबे ने कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने, पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावी रणनीतियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा राजपुर की कार्यकारिणी गठित



राजपुर। महामाया मंदिर प्रांगण में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा की बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम प्रांतीय संयोजक राजेश कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, बलरामपुर जिलाध्यक्ष व्यास मुनि यादव तथा जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष रामाधार यादव के संयुक्त आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता भी जिलाध्यक्ष व्यास मुनि यादव ने की। बैठक में समाज से कुरीतियों को दूर करने तथा शिक्षा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रणनीति तैयार की गई। प्रांतीय संयोजक राजेश कुमार यादव ने जाति जनगणना और संगठन को मजबूत बनाने के विषय में विस्तार से जानकारी दी। संगठन को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए राजपुर ब्लॉक अध्यक्ष पद पर राजधन यादव तथा युवा ब्लॉक अध्यक्ष पद पर विकास कुमार यादव को मनोनीत किया गया। बैठक में जिला संरक्षक रामबिहारी यादव, हेवन यादव, मुरारी यादव, जानकी यादव, घुरन यादव, कृष्णा यादव, कैलाश यादव, चन्दर यादव, वाल्मीकि यादव, रुद्रप्रसाद यादव, रामचंद्र यादव, सुन्दरलाल यादव, लखन यादव, सकिंदर यादव, तुलसी यादव, विदेश यादव, सनेश यादव, अमृत यादव, अभिमन्यु यादव, गंगा यादव, जगदीश यादव, बाबूलाल यादव, बिट्टु यादव, आकाश यादव सहित सैकड़ों की संख्या में समाज जन उपस्थित रहे।

### खतरनाक स्टंट करने के दौरान जप्त वाहनों पर अधूरी व पक्षपात पूर्ण कार्रवाई

बिश्रामपुर। डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के फेयरवेल कार्यक्रम के बाद नगर में लग्जरी चार पहिया वाहनों से निकाली गई रैली और खतरनाक स्टंट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद अधूरी व पक्षपात पूर्ण पुलिस कार्रवाई चर्चा का विषय बन गई है,मामले में दो वाहनों पर अधूरी कार्रवाई करने वाले दो एएसआई का नाराज सूरजपुर एसएसपी ने अलग अलग थानों में तबादला कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार 9 फरवरी को फेयरवेल पार्टी के बाद कुछ छात्र-छात्राओं ने लग्जरी वाहनों के साथ नगर में रैली निकाली,इस दौरान नाबालिग छात्र वाहनों की खिड़कियों और छत पर बैठकर खतरनाक स्टंट करते नजर आए। रैली एनएच-43 से होकर गुजरी और छात्रों द्वारा बनाए गए वीडियो व रील सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। वीडियो सामने आने के बाद बिश्रामपुर पुलिस सक्रिय हुई और घेराबंदी कर आधा दर्जन वाहनों समेत कई नाबालिगों को थाने साथ ले आई,वाहनों के थाने पहुंचने व हड़कंप मचने के बाद कई अभिभावकों ने सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर मामले में हस्तक्षेप कराने की कोशिश की,लेकिन तब तक पुलिस ने सभी वाहनों पर अर्थदंड की कार्रवाई कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक बढ़ते दबाव के बीच दो वाहनों को मात्र अर्थदंड लेकर छोड़ दिया गया एवं शेष वाहनों को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया।

---

काान्हा टाइगर रिजर्व से ट्रेनिंग लेकर लौटे 36 वनकर्मी

# टाइगर रिजर्व बनने के एक साल बाद वनकर्मियों को दिया गया बाघ प्रबंधन का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व बनने के एक साल बाद शासन द्वारा मैदानी कर्मचारियों को हिंसक वन्य जीवों के प्रबंधन का प्रशिक्षण देने की पहल प्रारंभ की गई है। तमोर पिंगला के 36 मैदानी कर्मचारी कान्हा टाइगर रिजर्व से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे हैं। प्रशिक्षित कर्मचारियों से अब तमोर पिंगला अभ्यारण्य में निवासरत हिंसक वन्य जीवों का प्रबंधन बेहतर तरीके से हो सकेगा।

शासन द्वारा एक साल पूर्व गुरूघासीदास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभ्यारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित किया गया था। टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद बाघ एवं तेंदुए सहित अन्य वन्य जीवों के प्रबंधन सहित अन्य तकनीकी प्रशिक्षण के बिना ही विभाग का मैदानी अमला इस गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहा था। पहली बार प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरूण पाण्डेय की पहल पर तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के 36 कर्मचारियों को बाघों के प्रबंधन का प्रशिक्षण लेने कान्हा टाइगर रिजर्व भेजा गया था। वनकर्मी टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में स्थित विभिन्न 15 कैम्पों में रहकर अपना प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण में वनकर्मियों ने बाघों के भ्रमण की जानकारी, पद चिन्ह सहित अन्य साक्ष्य, बाघों की जानकारी से सम्बंधित फार्म भरने एवं वरिष्ठ कार्यालय को जानकारी साझा करने, बाघों एवं अन्य वन्यजीवों के संरक्षण, उनकी निगरानी, प्रबंधन सहित अन्य विषयों का प्रशिक्षण अधिकारियों ने प्रदान की। प्रशिक्षित कर्मचारी अब बाघ सहित अन्य वन्य जीवों का प्रबंधन नई तकनीक से करेंगे।

### तमोर पिंगला अभ्यारण्य में आएगा बदलाव



### पकड़े गए हैं अवैध शिकार के कई मामले

सरगुजा में बाघ एवं तेंदुए के अवैध शिकार के कई मामले सामने आ चुके हैं। वन अधिकारियों ने तस्करों से बाघ एवं तेंदुए की खाल बरामद कर चुके हैं। क्राइम कंट्रोल ब्यूरों की मदद से वन अमले ने वर्ष 2023 में बिहारपुर-उमझर मार्ग में तस्करों से 1 बाघ एवं 2 तेंदुए की खाल बरामद किया था। छह महीने पूर्व भी वन अधिकारियों ने वन परिक्षेत्र ओड़गी अंतर्गत चपदा मोड़ पर तस्करों से बाघ की खाल बरामद करने में सफलता पाई थी। इस तरह की घटनाओं से क्षेत्र में तस्करों की मौजूदगी एवं हिंसक वन्य जीवों के अवैध शिकार से इंकार नहीं किया जा सकता है। हाल ही में घुई रेंज के भैसामुण्डा जंगल में करंट से बाघ का शिकार करने एवं उसके दांत, नाखून व बाल निकालने का खुलासा हुआ था। स्थिति को देखते हुए निर्धारित मानक के अनुसार बाघों का विशेष रूप से संरक्षण करने की जरूरत है।

### बढ़ेगी निगरानी

प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारियों से टाइगर रिजर्व की निगरानी मानक के अनुसार होगी तथा हिंसक वन्य जीवों का प्रभावी प्रबंधन हो सकेगा।

**श्रीनिवास तन्नेटी,** उपनिदेशक, एलिफेंट रिजर्व

### लगेगा ट्रेप कैमरा

टाइगर रिजर्व में बाघों की मौजूदगी का पता लगाने के लिए हर 2 वर्ग किमी पर दोनों तरफ ट्रेप कैमरा लगाने की तैयारी है। गुरूघासी दास नेशनल पार्क में ट्रेप कैमरे लगाकर बाघों के मौजूदगी की जानकारी ली जा रही है। तमोर पिंगला में पर्याप्त ट्रेप कैमरा उपलब्ध नहीं होने के कारण अभी इंतजार किया जा रहा है। तमोर पिंगला अभ्यारण्य के पास मात्र 100 ट्रेप कैमरे हैं जबकि अधिकारियों को 200 कैमरों की जरूरत है। अधिकारी चार-पांच दिन में कैमरे उपलब्ध होने के बाद इसे मानक के अनुसार जंगल में लगाने की बात कह रहे हैं।

### नमूने भेजे जाएंगे वन्यजीव संस्थान

पिछले दिनों बाघों की मौजूदगी का जायजा लेने के लिए मैदानी अमले ने तमोर पिंगला अभ्यारण्य से बाघ के पदचिन्ह सहित कुछ अन्य नमूने एकत्र किए थे। नमूनों को जांच के लिए विभाग वन्य जीव संस्थान में भेज रहा है। संस्थान की जांच में नमूने किस वन्य जीव के हैं तथा कितने दिन पुराने की पुष्टि होगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर विभाग आगे की रणनीति बनाएगा।

---

## प्रबंधन ने कोयला चोरों को पकड़कर लिखित माफ़ीनामा के बाद चेतावनी देकर छोड़ा



बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की विभिन्न खदानों से इन दिनों बड़े पैमाने पर हो रही कोयला चोरी को लेकर कम्पनी प्रबंधन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है,शुक्रवार को क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए त्रिपुरा स्टेट रायफल के जवानों के साथ खदान क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक आमगांव खदान पहुंचे,जहां बड़ी संख्या में महिला-पुरुष खदान क्षेत्र के आसपास कोयला ले जाने की फिराक में पाए गए, इस दौरान हथियारबंद जवानों को देखकर कई लोग मौके से भाग निकले, जबकि कुछ ग्रामीणों को पकड़ लिया गया,पकड़े गए लोगों के पास से कोयला जब्त किया गया,प्रबंधन ने संबंधित ग्रामीणों से लिखित माफीनामा लिया, जिसमें भविष्य में प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश नहीं करने और कोयला चोरी जैसी गतिविधियों में शामिल नहीं होने का आश्वासन लेकर मात्र चेतावनी देते हुए उन्हें छोड़ दिया गया,जीएम डॉ संजय सिंह ने बताया कि कोयला चोरी से न केवल कंपनी को आर्थिक नुकसान होता है,बल्कि यह राष्ट्रीय संपत्ति की हानि भी है,साथ ही राज्य को मिलने वाली रॉयल्टी प्रभावित होती है,जिसका सीधा असर राज्य के राजस्व पर पड़ता है।

- **सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों के साथ महाप्रबंधक ने खदानों का किया निरीक्षण**

### कंदरई में 41वां श्री रुद्र महायज्ञ 18 फरवरी से

बिश्रामपुर। ग्राम कंदरई स्थित गहिरा पति मंदिर आश्रम में विश्व कल्याण और सनातन धर्म की अभिवृद्धि हेतु 41 वां श्री रुद्र महायज्ञ भव्य रूप से आयोजित किया जाना है,18 फरवरी से शुरू होने वाले इस चार दिवसीय आध्यात्मिक अनुष्ठान को लेकर संत समाज और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है,आयोजन समिति सनातन धर्म संत समाज गहिरा द्वारा बताया गया कि यह महायज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा, शांति और सद्भाव के प्रसार का एक प्रयास। कार्यक्रम का शुभारंभ 18 फरवरी बुधवार को भव्य कलश यात्रा से होगा। 19 फरवरी गुरुवार को वैदिक विधि-विधान से यज्ञारंभ होगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे याज्ञिक विप्रों द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां दी जाएंगी। 20 फरवरी शुक्रवार को याज्ञिक विप्रों द्वारा विशेष आशीर्वचन दिया जाएगा। इस दिन धर्म, संस्कृति और समाज निर्माण पर प्रवचन होंगे। प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से सत्संग, लीला संकीर्तन और रात्रि जागरण का आयोजन होगा,21 फरवरी शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे पूर्णाहुति,त्रायुषिकरण एवं कलश जल सेचन कार्यक्रम संपन्न होगा।

---

## स्कूलों के विदाई समारोह में स्टंट करने पर लगी रोक जिला शिक्षा अधिकारी ने जारी किए सख्त निर्देश

- **जोखिम भरे कृत्यों पर लगाया प्रतिबंध**
- **लापरवाही पर स्कूल प्रबंधन की होगी जवाबदेही**

**बिश्रामपुर।** विद्यालयों में विदाई समारोह एवं अन्य आयोजनों के दौरान विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे जोखिम भरे कृत्यों पर अब सख्ती बरती जाएगी,जिला शिक्षा अधिकारी, सूरजपुर ने इस संबंध में जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और हाई -हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्यों को निर्देश जारी किए हैं।

जारी आदेश में कहा गया है कि हाल के दिनों में समाचार पत्रों के माध्यम से यह जानकारी मिली है कि कुछ विद्यालयों में विदाई समारोह अथवा अन्य अवसरों पर छात्र-छात्राएं चलती वाहनों से बाहर निकलकर स्टंट करना, दोपहिया वाहनों को तेज गति से चलाना अथवा अन्य खतरनाक गतिविधियां कर रहे हैं। ऐसे कृत्य बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करते हैं,जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि किशोरावस्था में उत्साह और रोमांच की भावना स्वाभाविक है, किन्तु इन गतिविधियों से किसी भी प्रकार की दुर्घटना भविष्य को प्रभावित कर सकती है। बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम 2005 की धारा 13(1) के तहत बच्चों के जीवन एवं सुरक्षा की रक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश जारी किए गए हैं।निर्देशानुसार यदि विद्यालय में विदाई समारोह या अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है तो उसकी पूर्व सूचना विद्यालय प्रबंधन को देना अनिवार्य होगा तथा कार्यक्रम के संचालन हेतु स्पष्ट प्रोटोकॉल बनाया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि आयोजन गरिमामय एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हो और किसी भी प्रकार की जोखिमपूर्ण गतिविधि न हो।इसके अलावा अन्य अवसरों पर भी ऐसे कृत्यों को रोकना विद्यालय प्रबंधन की जिम्मेदारी होगी। किसी घटना की स्थिति में संबंधित विद्यालय से जवाब-तलब किया जाएगा। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में जाकर विद्यार्थियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा।जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालयों को निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए कहा है, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा बनी रहे और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके।

### रेलवे स्टेशन के लाइन नंबर 4 पर प्लेसमेंट कराने से जोखिम भरे माहौल में हो रहा अनलोडिंग कार्य

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिश्रामपुर स्टेशन में रेल प्रबंधन द्वारा निर्माणाधीन रैक प्वाइंट में पिछले दो ढाई महीने से गुड्स लोडिंग अनलोडिंग का कार्य मनमाने तरीके से शुरू करा देने से परिवहनकर्ताओं की परेशानी बढ़ गई है।वर्तमान में रेल प्रबंधन द्वारा स्टेशन यार्ड के लाइन संख्या 4 पर रैक प्लेसमेंट किए जाने से उत्पन्न समस्याओं को लेकर परिवहनकर्ताओं एवं संबंधित पक्षों ने मुख्य स्टेशन प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा है,ज्ञापन में वर्तमान व्यवस्था को आर्थिक,स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से गंभीर बताया गया है,ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि जब लाइन संख्या 1 में जगह खाली रहती है,उस समय भी मालगाड़ी को लाइन संख्या 4 पर ही खड़ा किया जा रहा है,इससे कार्य प्रभावित हो रहा है और कर्मचारियों को अनावश्यक जोखिम उठाना पड़ रहा है,बताया गया कि लाइन संख्या 4 तक पहुंचने का मार्ग कच्ची सड़क अंबेडकर चौक के पास से होकर गुजरता है,जहां रेलवे फाटक प्रतिदिन कई बार बंद होता है,इसके कारण वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं और परिवहन कार्य में विलंब होता है,इससे वैगन क्लियरेंस में देरी होने के साथ आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।



## चार श्रम कानूनों के विरोध में मजदूर संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन



अम्बिकापुर। चार श्रम संहिता कानून के विरोध एवं स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुरूप एमएसपी कानून लागू करने की मांग लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ ट्रेड यूनियंस एवं छत्तीसगढ़ किसान सभा ने धरना-प्रदर्शन एवं आमसभा किया। इस दौरान वक्ताओं ने चार श्रम कानूनों का विरोध किया। सरकार द्वारा सार्वजनिक बैंकों के निजीकरण के लिए उठाए जा रहे कदम का भी विरोध किया गया। वक्ताओं ने शिक्षा का अंधाधुंध निजीकरण एवं शिक्षा नीति के तहत सांप्रदायिक तत्वों को प्रोत्साहित किए जाने पुरानी पेंशन योजना लागू किए जाने एवं नौकरियों पर रोक हटाए जाने, निजीकरण को बंद करने, ऑनलाइन व्यापार पर रोक लगाने एवं खुदरा व्यापार में विदेशी निवेश पर रोक लगाए जाने की मांग की तथा अमेरिका के शून्य टैरिफ जैसे समझौते से देश की कृषि एवं खाद्यान्न उत्पादन संकट में आ जाएगा एवं कृषि क्षेत्र में नियोजित व्यक्ति बेरोजगार हो जाएंगे। आम सभा में जी राम जी अधिनियम वापस किए जाने एवं पूर्व का मनरेगा कानून लागू किए जाने, वन अधिकार कानून को प्रभावशाली ढंग से लागू किए जाने किसानों के कर्ज माफ किए जाने की मांग की। धरना-प्रदर्शन पश्चात रैली निकाली गई जो शहर का भ्रमण करते हुए पुनः धरना स्थल पर आकर समाप्त हुई। अंत में राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया।

### पीएम श्री सेजेस में पूर्व छात्र-छात्रा मिलन समारोह




प्रेमनगर। पीएम श्री सेजेस में पूर्व छात्र-छात्रा मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने विद्यालयीन दिनों की स्मृतियां ताजा कीं। इस अवसर पर विद्यालय के कई पूर्व छात्र-छात्राओं की उपलब्धियों का विशेष उल्लेख किया गया जिसमें रोहिणी सिंह वर्तमान में मेडिकल विभाग में कार्यरत हैं। सुमन सिंह बिश्रामपुर सीएचसी में नर्स के पद पर सेवाएं दे रही हैं। तुलसी सिंह सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। तकेश्वर सिंह डाक विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं चंदा दास एवं लक्ष्मी दास मेडिकल कॉलेज में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। उनकी उपलब्धियों पर विद्यालय परिवार ने गर्व व्यक्त किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए पूर्व छात्र-छात्राओं को अपने अनुभवों से वर्तमान विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। विद्यालय के प्राचार्य आरबी सिंह ने कहा कि पूर्व छात्र-छात्राएं हमारे विद्यालय की अमूल्य धरोहर हैं, उनकी उपलब्धियां ही हमारे प्रयासों की सच्ची पहचान हैं। हमारा यह प्रयास सदैव रहेगा कि विद्यालय शिक्षा, संस्कार और सफलता का सशक्त केंद्र बना रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी पूर्व छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि नपं अध्यक्ष श्रीमती सुखमनिया जगते विशिष्ट अतिथि नपं उपाध्यक्ष आलोक साहू, बीईओ प्रताप पैंकरा, एबीईओ सतीश साहू, बीपीओ रमेश जायसवाल, पूर्व प्राचार्य एसएस दीक्षित,आई अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

### नशा मुक्ति संकल्प के साथ शिविर का समापन



बिश्रामपुर। शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर द्वारा ग्राम कुरवां में 2 फरवरी से 8 फरवरी तक आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन नशा मुक्ति के संकल्प के साथ किया गया,शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने विभिन्न जागरूकता अभियान चलाए, जिनमें प्रमुख रूप से नशा मुक्ति विषय पर गतिविधियां केंद्रित रहीं। स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, जनजागरूकता रैली एवं संवाद कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया,उन्होंने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है, इसलिए इससे दूर रहना आवश्यक है। कार्यक्रम अधिकारी डी.पी.कोरी ने बताया कि शिविर में रहकर स्वयंसेवकों ने अनुशासन,समाज सेवा और सामूहिक कार्य की भावना को आत्मसात किया,समापन समारोह में मुख्य अतिथि रितेश जायसवाल अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति उपस्थित रहे,विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत कुरवां सरपंच अनेश टोप्पो एवं नगर पंचायत बिश्रामपुर के उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान शामिल हुए,मुख्य अतिथि ने स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन एवं कर्तव्य पालन का महत्व बताया,सरपंच ने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज को भी जागरूक करने का आह्वान किया,शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## कृषि मंत्री नेताम ने किया अटल परिसर का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज : रामानुजगंज

नगर के वार्ड क्रमांक 1 में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा स्थल पर बने अटल परिसर का लोकार्पण समारोह का आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि मंत्री रामविचार नेताम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

लोकार्पण अवसर पर मंत्री नेताम ने कहा कि रामानुजगंज एक ऐतिहासिक नगर है और यहां किए जा रहे कार्य अपने आप में मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी तथा जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि मंत्री रामविचार नेताम के सहयोग से रामानुजगंज को नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मिला, जो विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यह तो विकास कार्यों की शुरुआत है और आने वाले समय में जनभावनाओं के अनुरूप नगर में और अधिक विकास कार्यों को गति दी जाएगी। अटल परिसर निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले पार्षद विजय रावत का कृषि मंत्री रामविचार नेताम एवं नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने फूल-माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर मंत्री नेताम ने कहा कि विजय रावत द्वारा भूमि दान नहीं किया जाता तो अटल परिसर का निर्माण संभव नहीं हो पाता। उन्होंने इसे समाजहित में किया गया सराहनीय कार्य बताया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष शीला जायसवाल एवं सभी 15 पार्षद सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

---

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी को दी जानकारी

# छत्तीसगढ़ मना रहा महतारी गौरव वर्ष

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर



छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने नई दिल्ली में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी से सौजन्य भेंट कर प्रदेश में संचालित महिला एवं बाल विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की।


मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने इस अवसर पर अवगत कराया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने वर्ष 2026 को महतारी गौरव वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस पहल का उद्देश्य माताओं और बहनों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आर्थिक स्वावलंबन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाना है। राज्य सरकार महिला सशक्तिकरण को विकास की धुरी मानते हुए योजनाओं को और अधिक प्रभावी स्वरूप दे रही है। बैठक में मातृशक्ति सशक्तिकरण, पोषण अभियान की प्रगति, बाल संरक्षण सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, आंगनबाड़ी व्यवस्थाओं के उन्नयन तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन जैसे विषयों पर सकारात्मक एवं परिणाममुखी विचार-विमर्श हुआ। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ में संचालित नवाचारों, जमीनी स्तर पर किए जा रहे प्रयासों तथा हितग्राहियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में उठाए गए कदमों की जानकारी साझा की। केंद्रीय मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने योजनाओं के प्रभावी संचालन, मॉनिटरिंग तंत्र को मजबूत करने तथा पात्र हितग्राहियों तक लाभ की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करने के संबंध में मार्गदर्शन किया। उन्होंने केंद्र एवं राज्य के समन्वित प्रयासों को महिला एवं बाल कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग एवं मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ में महिला एवं बाल विकास से संबंधित योजनाओं को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख बनाया जाएगा। सुशासन सरकार मातृशक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।



# अल्फा के सेट पर आलिया और बॉबी के बीच खटपट

**मुंबई।** यश राज फिल्म्स स्पाई यूनिवर्स की अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' की शूटिंग जारी है। पहले ये 2025 में क्रिसमस के मौके पर रिलीज होने वाली थी लेकिन फिर इसे पोस्टपोन कर दिया गया था। फिलहाल इसके सेट पर आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच खटपट हो गई है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इनके बीच एक सीन को लेकर बहस हुई है। जिसके बाद आदित्य चोपड़ा को सुलह कराने के लिए आना पड़ा। एक रिपोर्ट के अनुसार आलिया भट्ट और बॉबी देओल के बीच सेट पर टेंशन पैदा हो गई है। बताया जा रहा है कि एक्ट्रेस एक सीन में कुछ क्रिएटिव एडवाइस दे रही थीं।

## लाइफ Style



# तृप्ति

## ओ रोमियो पर सेंसर बोर्ड ने चलाई कैंची

एजेंसी ⏭ मुंबई

शाहिद कपूर, तृप्ति डिमरी, अविनाश तिवारी स्टारर और विशाल भारद्वाज की डायरेक्टेड 'ओ रोमियो' शुक्रवार, 13 फरवरी को रिलीज हो गई है। इसने बड़े पर्दे पर आने से पहले ही एडवांस बुकिंग के जरिए 3 करोड़ रुपए से ज्यादा का कलेक्शन कर लिया है।

इसको सेंसर बोर्ड के पास भी भेजा गया था, जहां पर इसे 'ए' सर्टिफिकेट दिया गया था। साथ ही इस पर कई कट्स भी लगाए गए। कुछ शब्दों को दूसरे शब्दों से बदला भी गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'ओ रोमियो' के डायलॉग्स में बदलाव करने के लिए कहा गया था। जिसमें 'आइटम' को 'कुमारी' से रिप्लेस किया गया है और एक सीन में एक शब्द को म्यूट कर दिया गया। इसके अलावा, कुछ 'अभद्र' शब्दों को भी डिलीट कर दिया गया है। साथ ही इंटीमेट और रोमांटक सीन्स में कोई कट नहीं लगाए गए हैं। हालांकि, कुछ हिंसक सीन्स पर कैंची चली है। रिपोर्ट के मुताबिक, गला काटने वाले क्लोजअप शॉट को 3 सेकेंड छोटा किया गया है। और बाकी के दो शॉट्स में भी 2 सेकेंड कम किया गया है, जिसमें से एक में 'खून से लथपथ सिर पटकने' और दूसरे में एक महिला के मुंह पर खून के छींटे पड़ने का सीन दिखाया गया था। इतना ही नहीं, महिला को थप्पड़ मारने वाले सीन को भी 2 सेकेंड तक घटाया गया है। मूवी में तंबाकू और धूम्रपान विरोधी सीन्स पर टिकर भी जोड़े गए हैं। और सबके डिस्क्लेमर की लंबाई, उसके वॉइसओवर के साथ बढ़ाई गई है। जिससे फिल्म 1 मिनट 57 सेकेंड लंबी हो गई है।

## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 के सीक्वल पर कर रहे हैं काम

**लॉस एंजिल्स।** भारत में हॉलीवुड फिल्मों का भी अच्छा-खासा बाजार है। पिछले साल हॉलीवुड के नामी एक्टर टॉम क्रूज की फिल्म 'मिशन इंपॉसिबल 8' और ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' रिलीज हुई। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ब्रैड पिट की फिल्म 'एफ 1' ने पिछले साल अच्छा-खासा कलेक्शन किया था। अब दुनिया भर के दर्शकों के अलावा भारतीय दर्शकों को इस फिल्म के सीक्वल का इंतजार है। हाल ही में इस बारे में एक नया अपडेट सामने आया है। हाल ही में फिल्म एफ 1 के प्रोड्यूसर जैरी ब्रुकहाइमर ने कहा, 'हम एक सीक्वल पर काम कर रहे हैं।



# स्पाई-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल का दूसरा सीजन बन रहा

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा इन दिनों एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज में अभी एक साल से भी ज्यादा का समय है। इस बीच अब प्रियंका ने अपने हॉलीवुड शो 'सिटाडेल' के दूसरे सीजन को लेकर बड़ी अपडेट साझा की है। साथ ही उन्होंने शो के भविष्य को लेकर भी बात की है। प्रियंका चोपड़ा ने ये कंफर्म किया कि उनकी स्पाई-थ्रिलर सीरीज 'सिटाडेल' का दूसरा सीजन बन रहा है। एक्ट्रेस ने कहा कि सीजन 2 तो पक्का आएगा, लेकिन बाकी का क्या? मुझे कोई अंदाजा नहीं है। सच कहूं तो मैं पूछती भी नहीं। मैं काम पर जाती हूं, अपना काम करती हूं और चली जाती हूं। इस दौरान प्रियंका ने बताया कि कैसे रूसो ब्रदर्स ने उनसे इस सीरीज के लिए संपर्क किया था।



# रागिनी 3 में लीड रोल में आएंगी नजर

**मुंबई।** बालाजी मोशन पिक्चर्स ने हाल ही में फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस हॉरर फिल्म में तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगी। 'रागिनी 3' में उनके साथ एक नामी बॉलीवुड स्टार का बेटा नजर आएगा। फिल्म 'रागिनी 3' को शशांक घोष डायरेक्टेड करेंगे। फिल्म की स्टार कास्ट को लेकर मेकर्स ने जानकारी साझा की है। रागिनी 3 में जुनैद खान तमन्ना भाटिया के साथ नजर आएंगे। आमिर खान के बेटे जुनैद ने इससे पहले लवयापा जैसी रोमांटिक फिल्म की थी। अब वह हॉरर फिल्म का हिस्सा बन रहे हैं। इसमें तमन्ना और वह दमदार किरदारों में नजर आएंगे। रागिनी सीरीज की फिल्मों में रोमांस, धोखा और हॉरर का डोज दर्शकों को दिया जाता है, ऐसा ही कुछ तीसरी कड़ी में भी देखने को मिलेगा।



# शतक के ट्रेलर ने दर्शकों का दहलाया दिल

**नई दिल्ली।** फिल्म 'शतकः संघ के 100 वर्ष' का दमदार ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें अजय देवगन की असरदार आवाज ने आरएसएस की एक शताब्दी लंबी जर्नी को जीवंत किया है। आशीष मल्ल के निर्देशन में बनी फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में आएगी। फिल्म सिर्फ एक ऐतिहासिक दस्तावेज नहीं, बल्कि स्वयंसेवकों के त्याग, अनुशासन और राष्ट्र-निर्माण में उनके कंट्रीब्यूशन की गाथा है। गुरुजी एमएस गोलवलकर के आइडिया और ऑफिशियल डॉक्युमेंट पर आधारित यह कहानी संघ से जुड़ी गलतफहमियों को दूर करने और उन अनछुए पहलुओं को सामने लाने की कोशिश करती है, जिन्हें अक्सर मैनस्ट्रीम में कम जगह मिली है। ट्रेलर लोगों के रोंगटे खड़े कर रहा है।

## टीवी मसाला

# वैलेंटाइन डे : टीवी स्टार्स ने बताया प्यार का असली मतलब

**नई दिल्ली।** इस वैलेंटाइन डे पर, टीवी के कलाकार सुम्बुल तौकीर खान, नितिन बाबू, अक्षया हिंदालकर, ऋषि सक्सेना और दीक्षा जोशी अपने विचार साझा कर रहे हैं, हमें याद दिलाते हुए कि प्यार अक्सर उन सरल अनुभवों और पलों में मिलता है जो वास्तव में मायने रखते हैं।

### अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है प्यार की शुरुआत : सुम्बुल तौकीर



सुम्बुल तौकीर खान ने बताया, 'मेरे लिए वैलेंटाइन डे बड़े-बड़े इशारों या सिर्फ रोमांटिक प्यार के बारे में नहीं है, बल्कि यह भावनात्मक ईमानदारी और सचमुच समझे जाने की भावना के बारे में है। प्यार उन लोगों में मिलता है जो आपके सबसे कठिन समय में आपके साथ खड़े रहते हैं, जो आपकी छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाते हैं और जो आपको बिल्कुल वैसे ही स्वीकार करते हैं जैसे आप हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'मैंने सीखा है कि प्यार की शुरुआत खुद के प्रति दयालु होने और अपनी जर्नी को महत्व देने से होती है। जब आप ऐसा करते हैं, तो हर रिश्ता चाहे परिवार, दोस्त या साथी के साथ हो और भी सार्थक बन जाता है। इस वैलेंटाइन डे पर, मैं अपने चारों ओर मौजूद हर रूप के प्यार के लिए आभार चुन रही हूं।'

### नितिन ने शेयर की अपनी फीलिंग्स




नितिन बाबू ने शेयर किया, 'प्यार हमेशा नाटकीय या परफेक्ट तस्वीर जैसा नहीं होना चाहिए। कभी-कभी यह उतना ही सरल होता है जितना किसी के लिए मौजूद रहना, बिना किसी डिसिजन के सुनना और उतार-चढ़ाव में एक-दूसरे का साथ देना।' उन्होंने आगे कहा, 'मैं मानता हूं कि वैलेंटाइन डे उन लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने की एक खूबसूरत याद दिलाता है जो आपके जीवन को बेहतर बनाते हैं, चाहे वह सबसे छोटे तरीकों से ही क्यों न हो। चाहे परिवार हो, दोस्त हों या कोई खास व्यक्ति, प्यार निरंतरता, विश्वास और सच्ची देखभाल के बारे में है।

### प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए : ऋषि



इत्ती सी खुशी में संजय का रोल निभा रहे ऋषि सक्सेना ने साझा किया 'मेरे लिए प्यार सबसे शक्तिशाली भावनाओं में से एक है। यह आपको धैर्य, सहानुभूति और संतुलन सिखाता है। वैलेंटाइन डे हमें उस भावना का जश्न मनाने का एक कारण देता है, लेकिन मैं मानता हूं कि प्यार हर दिन व्यक्त किया जाना चाहिए, सिर्फ एक अवसर पर नहीं।' उन्होंने आगे कहा, 'सच्चा प्यार साथ में बढ़ने, एक-दूसरे के सपनों का समर्थन करने और साझा खामोशियों में सुकून पाने के बारे में है। यह खुद से इतना प्यार करने के बारे में भी है कि आप अपनी कीमत जान सकें. यही वह चीज है जिस पर मैं सचमुच विश्वास करता हूं और जिसे जीने की कोशिश करता हूं।'

# वैलेंटाइन वीकएंड पर दर्शकों को मिलेगा मनोरंजन का जबर डोज



**नई दिल्ली।** शुक्रवार 13 फरवरी को सिनेमाघरों में शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म 'ओ रोमियो' रिलीज हो गई है। वीकएंड भी और वीकएंड पर ही वैलेंटाइन भी है। ऐसे में पार्टनर के साथ थिएटर का रुख करने का शानदार मौका हो सकता है। मगर, आपको घर बैठे ओटीटी पर ही बढ़िया सिनेमा देखना है तो, इस वीकएंड डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी काफी कुछ खास है।

**अमर विश्वास :** एक्टर राजीव खंडेलवाल अपनी नई सीरीज को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी कोर्टरूम ड्रामा सीरीज 'अमर विश्वास' ओटीटी पर 11 फरवरी को रिलीज हुई। इसमें वे वकील की भूमिका में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर उपलब्ध है। इसमें आमिर अली, बरखा बिष्ट और रवि बहल जैसे सितारे भी हैं।

**कोहरा सीजन 2:** वेब सीरीज 'कोहरा' को दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अब इसका दूसरा सीजन भी रिलीज हो चुका है, जिसे आप इस वीकएंड देख सकते हैं। बरुण सोबती और मोना सिंह अभिनीत यह सीरीज 11 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई। मोना सिंह इस सीरीज में एक सख्त पंजाबी पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आई हैं।

**माना शंकरा वर प्रसाद गारू**

अगर आपकी साउथ फिल्मों में दिलचस्पी है तो इस वीकएंड चिरंजीवी की यह फिल्म देख सकते हैं।

### थलाइवर थंबी थलाइमायिल

इस वीक ओटीटी पर साउथ फिल्मों का बोलबाला है। तमिल फिल्म 'थलाइवर थंबी थलाइमायिल' इस वीक की लिस्ट में शामिल है। नितीश सहदेव द्वारा निर्देशित यह पॉलिटिकल सटायर फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरो में रिलीज हुई थी। फिल्म में जीवा, थम्बी रमैया और इलावरसु जैसे सितारे हैं। गुरुवार 12 फरवरी को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। इस वीकएंड आप इसे अपनी वॉच लिस्ट में रख सकते हैं।

# ये हैं परदे पर राज करने वाले सदाबहार रोमांटिक हीरो

**नई दिल्ली।** फिल्मों में हीरो की भूमिका दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ती है। कुछ सितारे अपने एक्शन के लिए लोकप्रिय हुए, कुछ ने कॉमेडी के जरिए दिलों में जगह बनाई। वहीं, इंडस्ट्री में कुछ दिग्गजों का नाम इसलिए भी लिया जाता रहेगा, क्योंकि उन्होंने परदे पर अपने किरदार के जरिए मोहब्बत का पैगाम दिया और बन गए रोमांटिक हीरो। उनकी यह इमेज सिर्फ एक या दो फिल्मों तक नहीं रही, बल्कि वे सदाबहार रहे। दौर कोई भी आया, जब-जब सिनेमा में रोमांस और रोमांटिक हीरो की बात हुई, इनका जिक्र सहज ही कि या गया।



**देव आनंदः** देव आनंद का नाम आते ही रोमांस, दिलकश अंदाज और आकर्षक छवि सामने आ जाती है। बड़े पर्दे पर वह कई फिल्मों में रोमांटिक किरदार निभा चुके हैं। करियर के पीक पर देव आनंद की महिला प्रशंसक काफी ज्यादा हुआ करती थीं।

**ऋषि कपूरः** भारतीय सिनेमा के रोमांटिक अभिनेताओं में ऋषि कपूर का नाम भी शामिल है। अपनी पहले ही फिल्म 'बॉबी' से उन्होंने धमाल मचा दिया था। 'चांदनी' और 'बोल राधा बोल' जैसी फिल्मों में उन्होंने अपनी नटखट और आकर्षक भूमिका से रोमांस की दुनिया में अपना एक विशेष स्थान बनाया। उनकी मुस्कान और मासूमियत दर्शकों को दिलों में आज भी बसी हुई है।

**दिलीप कुमारः** दिलीप कुमार हिंदी सिनेमा के बड़े सुपरस्टार थे। पर्दे पर वह भी रोमांटिक अंदाज दिखा चुके हैं। 'मुगल-ए-आजम' और 'नया दौर' जैसी फिल्मों में उनकी अदाकारी ने उन्हें रोमांटिक हीरो की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया। उनके अभिनय को आज भी याद किया जाता है।

**राज कपूरः** राज कपूर अपनी रोमांटिक किरदारों की वजह से खूब मशहूर हुए। उनकी फिल्में 'आवारा' और 'श्री 420' में रोमांस और सामाजिक संदेशों का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिला। वह अपने समय के सबसे बड़े रोमांटिक नायक थे, जिनकी फिल्मों में प्यार के अलावा जीवन के गहरे मायने भी नजर आते थे।

**राजेश खन्नाः** राजेश खन्ना के बिना ये सूची अधूरी है। अपने रोमांटिक अंदाज से उन्होंने लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। बड़ी संख्या महिलाएं उन्हें पसंद करती थीं। 'अराधना' और 'सच्चा झूठा' समेत दर्जनों फिल्मों में वह अपने रोमांस का जादू बड़े पर्दे पर चलाते नजर आए।

**शाहरुख खानः** शाहरुख खान को रोमांटिक फिल्मों का 'किंग' कहा जाता है। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' और 'कुछ कुछ होता है' जैसी फिल्मों में उनकी रोमांटिक भूमिकाएं देश ही नहीं बल्कि विदेश में भी लोकप्रिय बना दिया। उनके अभिनय में जो सहजता और प्यार की भावना दिखती है, वह उन्हें आज भी दर्शकों का पसंदीदा बनाती है।

## दर पर आया दीवाना , लैला-मजनू का रूहानी इश्क, हीर-रांझा की पाक मोहब्बत

# वो अमर प्रेम कहानियां जो दर्शकों की आंखों को कर गईं नम

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा ने जब फलना-फूलना शुरू किया तो बड़े पर्दे पर मोहब्बत की कहानियों को सबसे ज्यादा बयां किया। मजनू ने कैसे लैला के इश्क में जान दी? हीर और रांझा का प्यार क्यों मुकम्मल नहीं हुआ? इस दर्द को हिंदी सिनेमा ने वक्त-वक्त पर बखूबी दिखाया। वैलेंटाइन-डे के मौके पर जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जिनमें अमर प्रेम कहानियां दर्शकों की आंखों को नम कर गईं।

**सोहनी ने चेनाब किनारे पुकारा महिवाल का नामः** साल 1933 और 1946 में दो हिंदी फिल्में बनीं लेकिन साल 1958 में रिलीज हुई 'सोहनी महिवाल' सबसे चर्चित रही। इसमें भारत भूषण और निम्मी ने मुख्य भूमिका कीं। वहीं साल 1984 में सनी देओल और पूनम ढिल्लों अभिनीत फिल्म 'सोहनी महिवाल'को भी खूब प्यार मिला। सनी देओल स्टारर फिल्म के कई गानों में सोहनी और महिवाल के रूहानी इश्क की दांस्तां को बयां किया गया। फिल्म का एक गाना 'लोगों ने सर पे लगाए हैं हजारों इल्जाम आजा, सोहनी चेनाब दे किनारे से पुकारे तेरा नाम आजा।' यह गाना सोहनी और महिवाल की मजबूरी और इश्क में कुछ भी कर गुजरने की चाहत को बखूबी जता देता है।

### मजनू की मोहब्बत में सजा पाने को हाजिर हुआ लैला का इश्क

हुस्न हाजिर है मोहब्बत में सजा पाने को'जब यह गाना ऋषि कपूर और रंजीता कौर अभिनीत फिल्म 'लैला मजनू(1976)' में सुनाई देता है, तब इस गाने को सुनकर दर्शकों के जेहन में 11वीं सदी की अरब देश की अधूरी प्रेम कहानी की यादें ताजा हो जाती हैं। इसी नाम से साल 1953 में नूतन और शम्मी कपूर ने भी एक फिल्म की। वहीं, साल 2018 में इम्तियाज अली की लिखी कहानी पर बनी 'लैला मजनू' भी एक कल्ट मूवी बन चुकी है। इन सभी फिल्मों में लैला से मिलने की चाहत लिए भटकता मजनू आखिरी में मौत के आगोश में सो जाता है।




### जूलियट की मोहब्बत में कुर्बान हुआ रोमियो

मशहूर ब्रिटिश राइटर शेक्सपियर ने कई बड़े नॉवेल लिखे। लेकिन 'रोमियो और जूलियट'उनका सबसे फेमस नॉवेल है। इस पर कई फिल्में हॉलीवुड में बनी हैं। वहीं, बॉलीवुड की कई फिल्में इस नॉवेल से इंस्पायर रहीं। इसमें साल 2013 की राम लीला भी है, रणवीर और दीपिका की इस फिल्म का दर्दनाक अंत होता है। राम लीला मौत के बाद ही मिल पाते हैं ,क्योंकि समाज और परिवार की दीवारें उन्हें इस जहान में मिलने नहीं देती हैं।

### रांझा रांझा करते-करते हीर दीवानी हुई

साल 1970 में चेतन आनंद निर्देशित फिल्म 'हीर रांझा'में राज कुमार और प्रिया राजवंश पर यह प्रेम कहानी फिल्माई गई। फिल्म में हीर से दूर होकर रांझा का दिल दर्द से भर उठता है। इस दर्द को एक गाने 'ये दुनिया ये महफिल मेरे काम की नहीं' में बखूबी बयां किया जाता है। इसी तरह हीर भी अपना दुख बयां करती है, जिस पर फिल्म में गीत है, 'दो दिल टूटे दो दिल हारे दुनिया वालों सदके तुम्हारे।' यह फिल्म, गीत आज भी दर्शकों की जुबान पर हैं और हीर-रांझा का प्यार भी प्रेमियों के मन में जिंदा है।

### साहिबान की मोहब्बत में टूटा मिर्जा का दिल

हीर और रांझा, सोनी महिवाल की तरह ही साहिबान और मिर्जा की कहानी भी पंजाब में 16वी शताब्दी में पनपी थी। साहिबान को मिर्जा से बेइंतहा मोहब्बत थी वह कभी उससे बेवफाई नहीं कर सकती थी, लेकिन वक्त आने पर वफा भी नहीं कर पाई। उसने मिर्जा के तीर तोड़ दिए, जिससे वह उसके भाइयों को ना मारे। लेकिन, साहिबान के भाइयों ने मिर्जा को मौत के घाट उतार दिया। यह देखकर साहिबान ने भी मौत को चुन लिया और अपने मिर्जा के साथ ही दुनिया से रूखसत हो गई। इसी कहानी को साल 2016 में फिल्म 'मिर्जिया'में नए जमाने के हिसाब से दिखाया गया, फिल्म को ओमप्रकाश मेहरा ने निर्देशित किया था। इसी तरह एक पंजाबी फिल्म 2012 में भी इसी प्रेम कहानी पर बनी, जिसमें ग्रिप्पी ग्रेवाल मिर्जा के रोल में दिखे।

## खबर संक्षेप

### राजपुर और बलरामपुर में होगा स्मार्ट मीटर पखवाड़ा कार्यक्रम

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर लिमिटेड केंद्र के द्वारा प्रदेश में 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़ा मनाया जा रहा है। जिसका उद्देश्य आम उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर लगाने के लाभ से अवगत कराना है। इसी कड़ी में उपसंभाग राजपुर में 14 फरवरी एवं बलरामपुर में 15 फरवरी को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्यालय परिसर में आयोजित किया जाएगा। कार्यपालन अभियंता विद्युत श्री पी. के. अग्रवाल ने जानकारी दी है कि स्मार्ट मीटर लगाने से विद्युत खपत की मासिक, दैनिक एवं प्रत्येक आधे घंटे में की जानकारी पंजीकृत मोबाइल के माध्यम से कहीं भी देखी जा सकती है। जिससे विद्युत की अनावश्यक खपत में कमी कर पैसों की बचत किया जाना संभव होता है। विद्युत रीडिंग में मानवीय हस्तक्षेप नहीं होने से रीडिंग में गड़बड़ी की संभावना नहीं रहती। साथ ही स्मार्ट मीटर पूर्णतः निःशुल्क लगाया जा रहा है।

### जनचौपाल में शिकायत के बाद चैनपुर पंचायत सचिव निलंबित

**बलरामपुर।** जनचौपाल में जिला पंचायत सीईओ के समक्ष रिखू राम आ. भाको द्वारा ग्राम चैनपुर के पंचायत सचिव स्पात राम के विरूद्ध प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत स्वीकृत आवास हेतु प्राप्त प्रथम एवं द्वितीय किश्त की कुल राशि 1 लाख रुपए आवास बनवाये जाने हेतु लिए जाने एवं उसके पश्चात भी आवास नहीं बनाये जाने के संबंध में शिकायत किया गया। प्राप्त शिकायत के संबंध में मौके पर उपस्थित सरपंच ग्राम पंचायत चैनपुर एवं उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा तैयार कराया गया। जिसमें पंचायत सचिव के द्वारा राशि लिए जाने की पुष्टि हुई। मौके पर उपस्थित पंचायत सचिव से भी उपरोक्त शिकायत के संबंध में लिखित स्पष्टीकरण लिया गया। पंचायत सचिव द्वारा स्पष्टीकरण दिया गया कि हितग्राही रिखू राम का आवास उनके द्वारा बनाया जा रहा है। जिसका कार्य प्लिंथ लेवल तक हुआ है। साथ ही हितग्राही से 1 लाख रूपये लेना स्वीकार किया गया। इस प्रकार प्राप्त शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। पंचायत सचिव स्पात राम पंचायत सचिव का उपरोक्त कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम तीन (1) (2) (3) के विपरीत कदाचरण की श्रेणी में आता है। उनके उक्त कृत्य के लिए स्पात राम को पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4 के तहत जिला पंचायत सीईओ के द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय जनपद पंचायत कुसमी में संलग्न किया गया है। निलंबन अवधि में स्पात राम को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

न्यायालय- व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश, जिला कोरिया (छ.ग.)
// आम ईश्तहार/नोटिस //

P.N.- 75/26
दिनांक 11.02.2026

व्यवहार वाद क्र.-126 अ/2025

01. अर्चना आ. फूलसाय पति श्यामलाल, उम्र-33 वर्ष, जाति- अगरिया, सा. ग्राम सिलफिली, थाना-सूरजपुर, तहसील-सूरजपुर, जिला- सूरजपुर छ.ग. ........वादी

प्रति

01. जिला शिक्षा अधिकारी, बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया छ.ग. 02. छत्तीसगढ़ शासन, द्वारा कलेक्टर कोरिया, जिला-कोरिया छ.ग.। 03. सर्व साधारण ........प्रतिवादी

वादिनी ने उक्त वाद आपके विरुद्ध पेश कर अपने शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिपूर्ण दर्ज उसके पुकारू नाम नानबाई के स्थान पर उसका असल नाम अर्चना दर्ज किए जाने एवं अन्य सहायता एवं अनुतोष जिसे माननीय न्यायालय उचित समझती हो और जिसे वादिनी प्राप्त करने का हकदार हो प्रदान किए जाने हेतु आदेश दिये जाने बाबत वाद पेश किया है।

अतः उक्त प्रकरण के विषय से संबंद्ध में अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए इस न्यायालय के समक्ष दिनांक 28.03.2026 को दिन में 11.00 बजे हाजिर हो। उपरोक्त दिनांक को आप स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण की पैरवी हेतु उपस्थित हो। यदि पेशी के नियत दिनांक को कोई आकस्मिक अवकाश होने की दशा में आगामी दिनांक को न्यायालय खुलने पर उपस्थित हो। आपकी अनुपस्थिति की दशा में आपके विरुद्ध एकपक्षीय विचारण किया जायेगा।

यह आज तारीख 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगकर दी गई।

(धारिणी राणा)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी बैकुण्ठपुर के न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)

### सीएम ने किया तीन दिवसीय महोत्सव का उदघाटन

# मैनपाट महोत्सव सरगुजा की संस्कृति, अस्मिता को प्रदर्शित करने का माध्यम : विष्णुदेव

## जिले वासियों को दी 523 करोड़ की सौगात, सीतापुर में सर्व सुविधा युक्त बस स्टैंड की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबिकापुर





प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि मैनपाट महोत्सव सरगुजा की संस्कृति, अस्मिता को प्रदर्शित करने का माध्यम है। आने वाले समय में यहां की संस्कृति से देश दुनिया के लोग परिचित होंगे इस दिशा में भी सरकार काम कर कर रही है। बाहर से आने वाले एवं स्थानीय कलाकारों को भी मंच मिलेगा और वे अपनी प्रतिभा को बेहतर ढंग से प्रदर्शित कर सकेंगे। सीएम श्री साय शुक्रवार को मैनपाट के रोपखार में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने जिलेवासियों को 523 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने मैनपाट में पर्यटन के विकास हेतु 1 करोड़ रुपए, सीतापुर में सर्व सुविधायुक्त बस स्टैंड के निर्माण किए जाने की घोषणा की।

उद्घाटन समारोह में पहुंचे मुख्य अतिथि सीएम श्री साय ने कहा कि 2 वर्ष पहले मैनपाट महोत्सव में आना हुआ था, इस साल महोत्सव में बड़ा परिवर्तन दिख रहा है। समारोह में भव्यता दिख रही है, मैनपाट महोत्सव को आने वाले हर वर्ष मनाया जाएगा। सभी से चर्चा कर आयोजन के लिए एक तिथि निर्धारित करेंगे। 2 वर्ष पहले मैनपाट महोत्सव हेतु 50 लाख रुपए स्वीकृत किया गया था, आने वाले समय में समारोह की और भव्यता के लिए सरकार चिंता करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलमंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है।

उनके विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम लोग विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प लिए हैं। सीएम ने कहा कि हमारा बस्तर क्षेत्र है, उसे धरती का स्वर्ग कह सकते है। बस्तर पिछले 40 साल से ज्यादा समय तक आंतकवाद का दंस झेल रहा था। तत्कालीन सरकार ने नक्सलवाद के खिलाफ कोई लड़ाई नहीं लड़ी लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह की दृढ़ ईच्छा शक्ति के कारण यह क्षेत्र नक्सवाद से मुक्त हो रहा है। मैं अपने प्रदेश के जवानों के साहस को नमन करता हूं। 75 प्रतिशत से ज्यादा नक्सलवाद का हिस्सा छत्तीसगढ़ में बचा था, सरकार नक्सलवाद को समाप्ति की ओर ले आई है। प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का संकल्प है कि 31 मार्च तक नक्सलवाद समाप्त करना है। इस बार पहली बार 43 गांव में गणतंत्र दिवस में राष्ट्रीय ध्वज फहराया है, हमारे छत्तीसगढ़ में नियद नेल्लानार के माध्यम से सुदूर 4 सौ से ज्यादा गांव विकास की ओर बढ़ रहा है। हम नई उद्योग नीति भी लाए हैं, इसकी सराहना पूरे देश-विदेश में हो रही है, नई उद्योग नीति को लांच हुए 1 वर्ष हुए हैं, 8 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश का प्रस्ताव है। इस दौरान कार्यक्रम में सांसद मनोज तिवारी, जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह, महापौर श्रीमती मंजूषा भगत, सभापति हरिमन्दर सिंह टिन्नी, भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, पूर्व सांसद कमलभान सिंह, रजनीश पाण्डेय, श्रीराम यादव, अनिल सिंह, संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी दीपक झा, कलेक्टर अजीत वसंत, एसएसपी राजेश अग्रवाल, डीएफओ अभिषेक जोगावत, जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, आमजन उपस्थित रहे।

### नगर निगम भवन का लोकार्पण

सीएम विष्णुदेव साय ने मैनपाट महोत्सव के दौरान 523 करोड़ 20 लाख 53 हजार रुपए 109 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। इनमें 429 करोड़ 11 लाख 40 हजार रुपए की लागत के 81 कार्यों का भूमिपूजन एवं 94 करोड़ 09 लाख 13 हजार रुपए की लागत के 28 कार्यों का लोकार्पण किया गया। बड़ी बात यह है कि सीएम ने मैनपाट में ही 8 करोड़ की लागत से नव निर्मित प्रशासनिक भवन का भी लोकार्पण कर दिया है। इसके साथ ही सीएम ने जिले में कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग क्रमांक-1 के कार्य 10 कार्य कुल लागत 39.2410 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के 06 कार्य कुल लागत 2.7647 करोड़, लोक निर्माण (भ/स) संभाग के 03 सड़क निर्माण कार्य कुल लागत 11.1700 करोड़, लोक निर्माण (भ/स) संभाग के 6 भवन निर्माण कार्य कुल लागत 28.50 करोड़, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के 02 कार्य कुल लागत 4.4156 करोड़ रुपए की लागत के शामिल हैं। लोकार्पण भूमिपूजन के पूर्व सीएम ने विभिन्न विभागीय स्टालों का निरीक्षण करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया।

### निरंतर तेजी से हो रहा विकास : राजेश

पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है। मैनपाट जैसे प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण स्थल पर पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से स्थानीय युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर प्राप्त हो रहे हैं। होम-स्टे, होटल व्यवसाय, स्थानीय हस्तशिल्प, परिवहन सेवाएं और खाद्य व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि हो रही है, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में पर्यटन को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार को विभिन्न विकास परियोजनाओं के प्रस्ताव भी भेजे गए हैं। कार्यक्रम को विधायक लुंड्रा प्रबोध मिंज व सीतापुर विधायक राम कुमार टोप्पो ने भी संबोधित किया।

# अवैध रूप से संचालित भट्ठों से 30 लाख ईंट जब्त



**वाड्रफनगर।** जिले में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। बिना अनुमति संचालित ईंट भट्ठों पर कार्रवाई से जिलेभर में हड़कंप मच गया है। इस बीच शुक्रवार को एक बार फिर से वाड्रफगनर और रघुनाथनगर क्षेत्र में 30 लाख अवैध ईंट जब्त किए गए है। बता दें कि कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशानुसार राजस्व एवं संयुक्त टीम के द्वारा जिले में अवैध ईंट भट्ठों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर नीरनिधि नंदेहा के नेतृत्व में राजस्व एवं संयुक्त टीम ने ग्राम रामनगर एवं पंडरी में संचालित अवैध ईंट भट्ठों पर कार्रवाई की। अनुविभागीय अधिकारी वाड्रफनगर एवं तहसीलदार वाड्रफनगर की संयुक्त टीम द्वारा 12 ईंट भट्ठों से लगभग 22 लाख अवैध रूप से निर्मित ईंट जब्त किया गया।

इसी प्रकार तहसीलदार रघुनाथनगर द्वारा 4 ईंट भट्ठों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 8 लाख ईंट जब्त की है। जिले में ईंट भट्ठों पर की जा रही कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर 10-10 हजार का अर्थदंड

**अंबिकापुर।** सडक दुर्घटनाओ कों कम करने की दिशा मे डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल के दिशा निर्देशन मे पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध लगातार सख़्ती से कार्रवाई की जा रही हैं। इसी क्रम मे थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान बजाज पल्सर मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डी सी 5266 के चालक रायगढ़ के कापू बालक पोड़ी निवासी 35 वर्षीय खेमलाल सिदार आ. ह्रदय साय सिदार एवं एचएफ डीलक्स मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 डीजेड 2946 के चालक लुंड्रा गुजरवार निवासी 38 वर्षीय टिकेश्वर बीसी आ. हिरसी केस बीसी की ब्रेथ ऐनालाइजर से जांच की गई। जांच के दौरान दोनों चालक शराब के नशे में धुत पाए गए। ऐसे में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर दोनों मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया था। प्रकरण की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने दोनों बाइक चालकों को 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दण्डित किया हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बतौली निरीक्षक विवेक सेंगर, प्रधान आरक्षक अनूप कुजूर, रविश लकड़ा, आरक्षक राजू कुजूर, जोगी बड़ा, राजेश खलखो, संतोष बरवा, विकास एक्का सक्रिय रहे।

## साईं बाबा पब्लिक स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव



**रामानुजगंज।** साईं बाबा पब्लिक स्कूल, में वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल एवं उपाध्यक्ष शीला जायसवाल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विद्यालय के 370 से अधिक छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, देशभक्ति गीत, नाट्य मंचन, एकल नृत्य एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जायसवाल ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियां विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनकी छिपी प्रतिभा को मंच प्रदान करते हैं। नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने साईं बाबा पब्लिक स्कूल को नगर की उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं में से एक बताया। उन्होंने विद्यालय के संचालक डॉ. राकेश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता एवं मनोज गुप्ता की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा के प्रति समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम बच्चों की उपलब्धियों में दिखाई देता है। कार्यक्रम में प्रतिभागी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में अभिभावक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों ने दो महिलाओं का किया जटिल ऑपरेशन



**अम्बिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सकों ने दो महिलाओं का जटिल ऑपरेशन किया। एक महिला की आंत सड़ गई थी जबकि दूसरी महिला पिछले सात साल से पैर के ट्यूमर से परेशान थी। ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों ने महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार होने पर छुट्टी दे दी।

जानकारी के अनुसार सन्ना निवासी सुशीला (59 वर्ष) पिछले सात साल से दाहिने पैर के जांघ में ट्यूमर हो जाने से परेशान थी। जबकि महिला की एचबी काफी कम था। चिकित्सकों ने जब महिला के पैर की जांच कराई तो पता चला कि जांघ में एक बड़ा ट्यूमर है लेकिन महिला के एचबी कम होने पर उसे अस्पताल में रखकर 7 यूनिट ब्लड चढ़ाया और जब महिला ऑपरेशन योग्य हुई तो चिकित्सकों की टीम ने ऑपरेशन कर जांघ से 2 किलो का ट्यूमर निकाला। इसी प्रकार दूसरी घटना में रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम इंदरपुर निवासी रूकमणी (25 वर्ष) पति के साथ खेत में काम कर रही थी। इसी दौरान पति ने ट्रैक्टर में चाबी लगे होने पर पत्नी को चाबी निकाल कर जाने कहा। रूकमणी चांबी निकलते समय घुमा दी जिससे ट्रैक्टर चालू हो गया और आगे बढ़ कर पेड़ से टकरा गई जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। विभिन्न जांच के बाद पता चला की बड़ी आंत सड़ चुकी है जबकि सीने के दोनों पसली टूट गई है। चिकित्सकों ने पहले पसली को ठीक करने के पश्चात बड़ी आंत को ऑपरेशन कर निकाला। दोनों महिलाओं के स्वस्थ हो जाने पर चिकित्सकों ने छुट्टी दे दी है। ऑपरेशन करने में मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉ. पीआर शिवहरे, डॉ. मनोज भारती, डॉ. आनंद, डॉ. इंद्रनील सहित टीम के सदस्य सक्रिय रहे।

## वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने जीता सभी का दिल



**सोनगरा।** सेंट चार्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पैरेंट्स डे एवं वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और रंगारंग कार्यक्रम के बीच संपन्न हुआ। बच्चों की चुलबुली अदाएं, देशभक्ति एवं नैतिक संदेश से परिपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में तहसीलदार शिवनारायण राठिया तथा थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुजीत मिश्रा तथा फादर टी जोसफ धन्ना स्वामी मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवनारायण राठिया ने कहा कि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ पढ़ाई करने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। थाना प्रभारी सरफराज फिरदौसी ने बच्चों को मोबाइल फोन के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि समय का सही उपयोग कर पढ़ाई, खेल और रचनात्मक गतिविधियों पर ध्यान देना आवश्यक है, तभी बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान प्रबंधक सिस्टर नीली, प्राचार्य सिस्टर एंजेलिना, संजय उपाध्याय, अर्जुन राम, शिवदीप विश्वकर्मा, सुरेंद्र राजवाड़े, शंकर प्रसाद, रंजना घोष, सुजाता, ज्योति, सरिता यादव, सरिता केरकेट्टा, अंजना तिर्की, मीरा यादव, सुखमनिया, अंकित, जीवंती, कंचन, मीना गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### केरला पुलिस ने...

दी गई। दोनों टीमों को विशेष इनविजिबल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। फाइनल मैच के मुख्य निर्णायक आशीष तिवारी बिलासपुर रहे। सहायक निर्णायक पप्पू कुमार एवं प्रभुल कुमार चरचा, फोर्थ ऑफिशियल भरत कुमार तथा मैच कमिश्नर अनिल कचेर साउथ ईस्टर्न रेलवे उपस्थित रहे। पूरे टूर्नामेंट में ग्राउंड एवं फिजियोथेरेपी की जिम्मेदारी मो. रफीक ने निभाई। फाइनल मुकाबले को देखने करीब 30 हजार दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी, जिसने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति द्वारा मैदान, सुरक्षा, चिकित्सा सुविधा एवं अनुशासन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई, जिससे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हुई। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार ने अपने-अपने दायित्वों का सफल निर्वहन किया।

### सिंगरौली में निःशुल्क...

जानकारियां दीं और बताया कि मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच शिक्षा तथा जीवन में सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं परामर्श शिविर भी लगाया गया, जिसमें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से बच्चों की आंखों की विस्तृत जांच की गई। इस दौरान आरएस चेचाम द्वारा जिन विद्यार्थियों में दृष्टि दोष पाया गया, उन्हें आवश्यक परामर्श देते हुए सावधानी बरतने की सलाह दी गई, ताकि समय रहते उपचार कर भविष्य की समस्याओं से बचा जा सके। पूरे कार्यक्रम के सुव्यवस्थित संचालन में विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक सुलेमान खान की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही।

## गौ पालन एवं गौशाला संचालन करने को लेकर हुई बैठक



**लखनपुर।** लखनपुर तहसील में गौ पालन एवं गौशाला संचालन करने हेतु बैठक का आयोजन छत्तीसगढ़ गौ सेवा आयोग के सदस्य यतेन्द्र पाण्डेय के निवास में हुआ। बैठक में यतेन्द्र पान्डेय ने कहा कि गौ सेवा आयोग छत्तीसगढ़ में गौशाला गौधाम संचालित किया जा रहा है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में गौशाला संचालन करे।

बैठक में गौ सेवा आयोग लखनपुर के अध्यक्ष मदन राजवाड़े ने गौपालन पर जोर देते हुए गौ पालने को कहा। जिला पशु चिकित्सक बीडी साहू द्वारा गौपालन और गौशाला गौधाम निर्माण कार्य कैसे इस संबंध में जानकारी दी। साथ ही जिले में अधिक से अधिक गौशाला संचालन करने पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ शबरी सेवा संस्थान के सचिव सुरेन्द्र साहु ने मेन रोड में घुमंतू आवारा पशुओं को रेडियम पट्टा लगाने पर जोर दिया जिससे कि मेन रोड में पशु दुर्घटना कम हो सके। बैठक में लखनपुर में बन रहे गौठान का जायजा लेने का निर्णय लिया गया। इस दौरान मनमोहन राजवाड़े, सुरेश गुप्ता, भोला यादव, राहुल सिंह, रिषभ पटेल, सत्यनारायण साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।







